ई–मेल/
स्पीड–पोस्ट

संचिका संख्या–5/आर०एल०–40–343/2023 श्र०सं०–

बिहार सरकार

श्रम संसाधन विभाग

श्रमायुक्त कार्यालय, बिहार, पटना

प्रेषक,

विजय कुमार
संयुक्त श्रमायुक्त, बिहार।

सेवा में,

सभी उप श्रमायुक्त, बिहार
सभी सहायक श्रमायुक्त, बिहार
निदेशक, कृषि श्रमिक निदेशालय, पटना
सभी श्रम अधीक्षक, बिहार
सभी श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी, बिहार।

पटना, दिनांक–

विषय :– श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारियों की औपबंधिक फोटोयुक्त असैनिक सूची (Civil List) वर्ष, 2025 के प्रकाशन हेतु आपत्ति आवेदन आमंत्रित करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारियों की औपबंधिक फोटोयुक्त असैनिक सूची (दिनांक–01.01.2025 तक कार्यरत रहने के आधार पर) का प्रकाशन विभागीय पत्रांक–801, दिनांक–11.02.2025 के द्वारा विभागीय वेबसाईट पर किया गया था। उक्त औपबंधिक फोटोयुक्त असैनिक सैनिक सूची (Civil List) वर्ष 2025 के प्रविष्टियों के संबंध में आपत्ति आवेदन दिनांक–28.02.2025 तक आमंत्रित किया गया था।

पुनः श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारियों की औपबंधिक फोटोयुक्त असैनिक सूची में आपत्ति देने की तिथि–15.04.2025 तक विस्तारित की जाती है।

अतः निदेशानुसार अनुरोध है कि दिनांक–15.04.2025 तक निश्चित रूप से आपत्ति आवेदन उपलब्ध/जमा करना सुनिश्चित करेंगे, अन्यथा यह मान लिया जायेगा कि इस औपबंधिक फोटोयुक्त असैनिक सूची (Civil List) वर्ष, 2025 पर किसी प्रकार की आपत्ति नहीं है। उक्त के आधार पर अंतिम फोटोयुक्त असैनिक सूची (Civil List) वर्ष, 2025 का प्रकाशन कर दिया जाएगा। तत्पश्चात् प्राप्त आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय।

विश्वासभाजन
ह०/–
(विजय कुमार)
संयुक्त श्रमायुक्त, बिहार।

ज्ञापांक–5/आर०एल०–40–343/2023 श्र०सं०– 1684 पटना, दिनांक– 01/04/2025

प्रतिलिपिः– उप सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि आपके विभाग में कार्यरत/प्रतिनियुक्त श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी संवर्ग के कर्मियों को इसकी सूचना उपलब्ध करा देंगे।

2. विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु आई०टी० मैनेजर, श्रम संसाधन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

1/4/25

संयुक्त श्रमायुक्त, बिहार।